भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4334**

19 अगस्त, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: राष्ट्रीय बागवानी मिशन**

**4334. श्री अरुण कुमार सागरः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य में अनुकूल कृषि जलवायु परिस्थितियों और संतुलित बागवानी के विकास की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विकास खंडों में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना को मंजूरी देने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त प्रस्ताव को कब तक अंतिम रूप दिया जाएगा?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (ग): राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम), समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) की एक उप-योजना है, जो कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा देश में बागवानी के समग्र विकास हेतु कार्यान्वित की जा रही है। उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विकासखंडों सहित सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एमआईडीएच के अंतर्गत आते हैं।

एमआईडीएच एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है, जो राज्यों द्वारा उनकी वार्षिक कार्य योजना के आधार पर क्रियान्वित की जाती है। यह योजना राज्यों द्वारा संतुलित बागवानी विकास, कृषि-जलवायु की अनुकूलता और राज्य में विकास की संभावनाओं के प्रति उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाती है।

वर्ष 2025-26 के लिए, उत्तर प्रदेश के लिए एमआईडीएच के अंतर्गत 106.24 करोड़ रुपये के भारत सरकार के हिस्से सहित 177.08 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्य योजना को मंजूरी दी गई है, जिसमें से शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विकास खंडों के लिए 55.54 लाख रुपये के भारत सरकार के हिस्से सहित 92.57 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं, ताकि नर्सरी, क्षेत्र विस्तार, मशरूम, संरक्षित खेती, जैविक खेती, मधुमक्खी पालन, बागवानी मशीनीकरण, फसलोपरांत प्रबंधन, उत्कृष्टता केंद्र, बाजार आदि सहित विभिन्न बागवानी गतिविधियों को कवर किया जा सके।

******